गुरुग्राम
वीरवार
19 जनवरी, 2023
वर्ष 11, अंक 19
पृष्ठ 08
मूल्य ₹1.00

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
ह्यूमन इंडिया
हम बनेंगे आपकी आवाज





Website : www.epaperhumanindia.in ; E-mail : humanindiadaily@gmail.com  सामाजिक और बौद्धिक स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता अभियान

# अग्रवाल महाविद्यालय के गणित विभाग के तत्वाधान में एंटरप्रेन्योरशिप विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन

**ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** बुधवार को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता जी के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में गणित विभाग के तत्वाधान में एंटरप्रेन्योरशिप विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई द्य इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता की भूमिका श्री अरविंद कुमार जी सी.ई.ओ., आर.आर टेक सॉल्यूशंस) ने निभाई द्य कार्यक्रम संयोजक एवं गणित विभागाध्यक्ष डॉ. के.एल. कौशिक जी ने बताया कि कार्यशाला को आयोजित करने के पीछे उनका उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यापार करने से पहले पूरी जानकारी व ज्ञान प्रदान करना है द्य श्री अरविंद कुमार जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए




कहा कि किसी भी व्यवसाय में सफल होने के लिए खुद पर विश्वास होना बेहद जरूरी है, उन्होंने व्यवसाय में लीडरशिप डेवलपमेंट, कस्टमर वैल्यू एवं मजबूत टीम जैसी विशेषताओं पर प्रकाश डाला द्य कार्यशाला में 72 प्रतिभागियों ने हिस्सा लियाद्य इस कार्यशाला में आयोजन सचिव श्रीमती प्रिया अरोड़ा, डॉ. ममता ठाकुर तथा समन्वयक की भूमिका श्रीमती नेहा गोयल एवं दीपांजलि ने निभाई द्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने कार्यशाला में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा जीवन मेंव्यापार के क्षेत्र में जोखिम उठाकर बिजनेस करने के गुण सीखे द्य इस कार्यशाला में गणित विभाग के प्रवक्तागण डॉ. नरेश कमरा, डॉ. गीता त्रिपाठी, श्रीमती रेनू बाला, पूनम गुप्ता, खुशाली त्यागी, पूजा कंचन ने अपनी सफल प्रतिभागिता दिखाई द्य कार्यशाला में मुख्य वक्ता ने विद्यार्थियों को असाइनमेंट दिया तथा विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा।